तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 1 जून 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

मूसलाधार बारिश के साथ मानसून पहुंचने ... 12


ग्रामीण क्षेत्र में, हाट बाजार में महासमुंद पुलिस... 12


## खबर संक्षेप

### दो लोगों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो लोगों से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने 30 मई को ग्राम धुपेनडीह नाला के पास आरोपी सुंदर सिंह चौहान पिता बुधुलाल चौहान (50 साल) भस्करापाली चौकी भंवरपुर के कब्जे से 2 लीटर अवैध देशी महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त किया। इसी तरह ग्राम आमाबाहरा पुल के पास ग्राम भस्करापाली आरोपी प्रेमलाल पटेल पिता बिहारी लाल पटेल (71 साल) भस्करापाली चौकी भंवरपुर के कब्जे से हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब करीबन 8 लीटर कीमत 1600 रुपए को जब्त किया। इन मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### महिला के साथ मारपीट



**महासमुंद।** महिला से मारपीट करने के आरोप में सरायपाली पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थिया सतबाई बरेठ निवासी वार्ड 7 बैदपाली रोड, सरायपाली ने बताया कि 30 मई को शाम 6:30 से 7 बजे के मध्य मोहल्ले में पानी टैंकर आया हुआ। उक्त पानी टैंकर प्रार्थिया के घर के सामने खराब हो गया। तब संजय चौहान शराब के नशे में आया और उससे कहा कि आसपास के लोगों को बुला कर लाना, तब महिला ने कहा कि पार्षद को फोन करो मेरे बच्चे का तबियत खराब है। इस पर आरोपी संजय चौहान ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए ईंट एवं पानी ढंकने के चौकोर प्लाई को उठाकर सिर में मार दिया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# तंबाखू के दुष्प्रभाव बताने जमीनी स्तर तक पहुंची नालसा की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

■ तंबाखू उत्पाद पदार्थों के उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों से नागरिकों को ध्यानाकर्षित करना है उद्देश्य

नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत विशेष राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम अनुसार विश्व तंबाखू निषेध दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा विभिन्न स्थानों में शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर विश्व तंबाखू निषेध दिवस पर जिले में न्यायिक अधिकारियों तथा तालुका और आरक्षी केंद्र में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा विभिन्न ग्रामों, ग्राम पंचायतों, नगरीय क्षेत्रों, हाट बाजारों एवं संगठनों में जाकर बैनर पाम्पलेट के माध्यम से विधिक जागरुकता पर अधारित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि 31 मई को विश्व तंबाखू निषेध दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। 31 मई 1988 को पहला विश्व तंबाखू निषेध दिवस मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की विश्व स्वास्थ्य सभा ने 1988 में 31 मई को विश्व तंबाखू निषेध दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

## विश्व तंबाखू निषेध दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

### बिरकोनी पहुंची नालसा की टीम

विश्व तंबाखू निषेध दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी स्थित फैक्ट्री पहुंचकर उपस्थित सहस्टाफ एवं कामगार व्यक्तियों को उनके कानून के विभिन्न विषयों के साथ साथ तंबाखू सहित नशीले पदार्थों का सेवन व नशे से व्यक्ति, परिवार एवं समाज में होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया।



### यहां भी हुए शिविर आयोजित

इसी प्रकार सुखरीडबरी में अधिकार मित्र धनजंय पटेल, ग्राम कुटेला में राकेश मिश्रा, भिथिडीह में राजकुमार, बंसुला में प्रकाश चौहान, पिलवापाली में जितेंद्र पटेल एवं ग्राम भीमखोज में अधिकार मित्र वेदप्रकाश पटेल द्वारा शिविर का आयोजन किया गया।

## शिक्षा: 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणाम में क्रमशः 5.88-7.53% की गिरावट

# जिन 24 स्कूलों के परिणाम 50-60 फीसदी, उन्हें विभाग ने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





बोर्ड परिक्षाओं में खराब और निराशाजनक परिणाम के चलते जिला शिक्षा अधिकारी को हटाए जाने के बाद कमजोर परिणाम वाले स्कूलों को नोटिस भेजे जाने की कार्रवाई विभाग के नवपदस्थ डीईओ द्वारा की गई है। बता दें कि शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम बीते शैक्षणिक सत्र से भी खराब रहा। जिसकी समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री साय ने डीईओ मोहन राव सावंत को तत्काल हटाए जाने के निर्देश दिए थे।

मिली जानकारी के अनुसार सप्ताह भर पहले कमजोर परिणाम लाने वाले जिले के 24 स्कूलों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है कि स्कूलों में किस विषय का परीक्षा परिणाम बिगड़ा है और क्यों? परीक्षा परिणाम कमजोर होने पर जवाब मांगा गया है। जवाब मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की बात विभागीय अफसर कह रहे हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने कहा है कि जवाब संतुष्टि पूर्ण न रहा तो आगे कार्रवाई की जाएगी। जिन हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों के परिणाम 50 से 60 प्रतिशत तक ही आए हैं ऐसे 24 स्कूलों को नोटिस देकर परीक्षा परिणाम कम आने की जानकारी मांगी है। रिपोर्ट की समीक्षा कलेक्टर साहब करेंगे फिर आगे की कार्रवाई के लिए निर्णय लिया जाएगा।

### दसवीं और बारहवीं के परिणाम में आई यह गिरावट

आंकड़ों के अनुसार गत वर्ष 2023- 24 में कक्षा दसवीं में कुल 13927 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें 11713 (84.17 प्रतिशत) विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए थे। वहीं कक्षा 12 वीं में 10348 विद्यार्थियों शामिल हुए थे जिनमें 9476 (91.61 प्रतिशत) विद्यार्थियों को सफलता मिली थी। शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा दसवीं में 12356 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 9637 (78.33 प्रतिशत) ने परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं 12 वीं में 9083 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए जिनमें 7628 (84.08 प्रतिशत) ने सफलता हासिल की। आंकड़ों में यह साफ नजर आ रहा है कि गत शिक्षा सत्र 2023-24 की अपेक्षा सत्र 2024-25 में वर्ष दसवीं का परीक्षा परिणाम 5.88 प्रतिशत गिरा है वहीं 12 वीं के परीक्षा परिणाम में 7.53 प्रतिशत की गिरावट आई।

### शिक्षा गुणवत्ता सुधारने होगी साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक परीक्षा

छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए युक्तियुक्तकरण और मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान जैसे ठोस कदम उठाए हैं, जिनमें शिक्षक प्रशिक्षण, टेक्नोलॉजी उपयोग, और सामुदायिक निगरानी पर जोर है। कुल बजट 1,47,500 करोड़ रुपये है, जिसमें शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण आवंटन शामिल है। इस वर्ष बोर्ड के परीक्षा परिणाम अच्छा न होने के कारण विभिन्न स्तरों पर उसकी समीक्षा की जा रही है। समीक्षा बैठकों में किन स्कूलों के किन विषयों के परीक्षा परिणाम बिगड़े हैं उसका कारण जानने की कोशिश की जा रही है। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए जिला शिक्षा विभाग तीन चरणों में छात्र-छात्राओं को स्कूल खुलने के साथ ही इसकी तैयारी कराएंगे। छात्र-छात्राओं की साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक परीक्षा ली जाएगी और सुधार सतत की जाएगी। इसके अलावा जुलाई से ही प्रैक्टिकल परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी।

# रिश्वत कांड के मुख्य आरोपी को प्रत्येक धारा में मिली पांच-पांच साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

■ महिला कर्मचारी दोषमुक्त

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने स्थानीय उपसंचालक पशु चिकित्सा कार्यालय में पदस्थ 60 वर्षीय उमाशंकर गुप्ता पिता छत्रधारी गुप्ता को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 12, 13 के तहत प्रत्येक धारा में 5-5 साल सश्रम कैद की सजा व प्रत्येक धारा में 20-20 हजार कुल 60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर प्रत्येक धारा में 6 माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

अभियोजन के अनुसार उपसंचालक पशु चिकित्सा कार्यालय का यह बहुचर्चित मामला है। प्रार्थिया सुरेखा राउत ने 28 सितंबर 22 को पुलिस अधीक्षक एन्टी करप्शन ब्यूरो रायपुर के समक्ष उपस्थित होकर एक लिखित शिकायत पत्र प्रस्तुत किया कि वह जिला महासमुंद के उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं में कार्य करती थी। कुछ वर्षों से अटैच में अंजोरा दुर्ग में कार्य कर रही थी। प्रार्थिया का वेतन-भत्ते महासमुंद से मिलता था। 31 अगस्त 22 को सेवानिवृत्त हो चुकी है। प्रार्थिया ने जीपीएफ का पैसा और पेंशन प्रकरण बनवाने के लिए कार्यालय में पदस्थ बाबू उमाशंकर गुप्ता से संपर्क किया तो गुप्ता द्वारा 40 हजार रुपए की मांग की गई। जिसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो में करने पर ट्रेप करने की योजना बनी और योजनानुसार 12 अक्टूबर 22 को रिश्वत के रूप में दी जाने वाली 39 हजार रुपए लेकर प्रार्थिया पहुंची। रिश्वत की राशि देने के बाद प्रार्थिया बाहर निकली। पश्चात एंटी करप्शन की टीम अंदर पहुंची और आरोपी उमाशंकर गुप्ता तथा एक महिला कर्मचारी को रंगे हाथों पकड़कर मामला कोर्ट को सौंपा था। जहां आरोप दोष सिद्ध होने पर मुख्य आरोपी को सजा सुनाई। वहीं इस प्रकरण में महिला को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया है। उक्त महिला कर्मचारी पर रकम मांगने का कोई साक्ष्य उपलब्ध नही हो सका। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक संजय गिरि ने पैरवी की।

## पंचायत सचिव के साथ ऑनलाइन ठगी, एक साल बाद दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



ऑनलाइन ठगी के शिकार ग्राम पंचायत सचिव ने सांकरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला बीते साल मई माह का है। सांकरा थाने में दिए आवेदन में प्रार्थी यशवंत डडसेना पिता स्व सहदेव डडसेना (54 साल) निवासी अंसुला थाना सांकरा जिला महासमुंद छ.ग. ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम पंचायत सांकरा में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ है। 28 मई 2024 को उसके मोबाईल के व्हादसअप नं पर अज्ञात मोबाईल नंबर से एक लिंक आया था, जिसे उसने टच कर दिया। जिसके बाद प्रार्थी के मोबाईल में दो बार 10000, 10000 तथा एक बार 29000 रुपए कटने का मैसेज आया। तब उसे पता चला कि उसके साथ सायबर फ्राड हो गया है। जिस पर उसने 29 मई 2024 को शिकायती नंबर 1930 में सायबर फ्राड की शिकायत दर्ज कराई। प्रार्थी ने अपने आवेदन में पुलिस को बताया कि पंचायत कार्य में व्यस्त होने के कारण रिपोर्ट नहीं करा पाया था, और उसने 30 मई 2025 साइबर फ्राड संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। मामले में सांकरा थाने में अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 420 आईपीसी के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## उत्तरा राज्य संगठन सचिव नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



वरिष्ठ एवं महिला पत्रकार उत्तरा विदानी को अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन का छत्तीसगढ़ राज्य संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। इनका कार्यकाल 1 वर्ष का होगा। तीन दशक की सक्रिय पत्रकारिता एवं संगठनात्मक क्रियाकलापों के चलते संगठन से यह जिम्मेदारी मिली है। उत्तरा एक सांध्य दैनिक की जिला प्रमुख हैं और पूर्व में प्रेस क्लब की अध्यक्ष रही हैं।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर द्वारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## ताइवान से लौटे वुडबॉल खिलाड़ी अभिषेक का हुआ स्वागत-सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ताइवान की राजधानी ताइपोई में आयोजित वर्ल्ड मास्टर गेम्स एवं 27वीं ताइवान ओपन वुडबॉल चैम्पियनशिप 2025 में भाग लेकर महासमुंद के होनहार खिलाड़ी अभिषेक पांडेय की स्वदेश वापसी पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने अभिनन्दन किया।

साथ ही पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, पीयुष साहू, भाजपा नेतागण हनीष भग्गा, जितेन्द्र साहू, नईम खान, शुभम पांडे, गौरव राठी ने भी स्वागत एवं सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि वुडबॉल खिलाड़ी अभिषेक पांडेय 15 मई से ताईवान जाकर वर्ल्ड मास्टर गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया। पूर्व में जिला प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर वुडबॉल गेम्स में कई प्रतियोगिताएं जीत चुके है। उन्होंने नगर, छग प्रदेश एवं भारत देश का मान बढ़ाया है। उनके साथ छत्तीसगढ़ से 5 खिलाड़ी तथा भारत देश से कुल 10 खिलाड़ी ताइवान गए थे।

# विश्व तंबाखू निषेध दिवस पर दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

■ तंबाखू या धूम्रपान व्यक्ति के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालता है : प्रो. करुणा दुबे



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 31 मई 2025 को महाविद्यालय में इंडियन यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व तंबाखू निषेध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन अजय कुमार राजा प्रभारी इंडियन यूथ रेडक्रॉस सोसायटी एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई द्वारा बताया कि हर वर्ष विश्व तंबाखू निषेध दिवस 31 मई को मनाया जाता है। 1988 में मई के आखिरी दिन इसे मनाने के लिए एक प्रस्ताव पास हुआ था। जिसके बाद से हर साल 31 मई को तंबाखू के सेवन को रोकने और इससे होने वाली समस्या से जागरूक करने के लिए विश्व तंबाखू निषेध दिवस मनाया जाने लगा। प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे द्वारा कहा कि सेहत के लिए तंबाखू का सेवन जानलेवा हो सकता है। तंबाखू या धूम्रपान व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक असर डालता है। डॉ. ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रभारी द्वारा उद्बोधन में बताया कि धूम्रपान करने से धमनियां कमजोर होने लगती हैं और कोरोनरी हार्ट डिजीज और स्ट्रोक हो सकता है। प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे द्वारा तंबाखू सेवन नहीं करने के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक मनीराम धीवर, एसआर रात्रे, डॉ. दुर्गावती भारती, दिलीप बढ़ई, सरस्वती सेठ, अजय कुमार देवांगन, मनबोध चौहान, टीकम साहू, डॉ. रूखमणि साहू, प्रकाशमणि साहू, रोहित ढीमर, पूजा यादव, सौरभ साहू, चितेश्वरी साहू सहित महाविद्यालय के कर्मचारी, अधिकारी व यूथ रेडक्रॉस वालिंटियर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक गोपी सिन्हा, रोशनी राजपूत, विधि सोनी, शीतल देवांगन उर्मिला साहू उपस्थित रहे। आभार लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर एनसीसी प्रभारी ने किया। मंच संचालन राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो द्वारा किया गया।

**करणी कृपा प्लांट के मजदूर का शव मिला : महासमुंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भोरिंग-खैरझिटी मार्ग में शुक्रवार को एक शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सड़क किनारे करणी कृपा प्लांट के 500 मीटर की दूरी में शव को आने-जाने वाले ग्रामीणों ने देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को खैरझिटी मार्ग में सड़क किनारे ग्राम तेंदूवाही निवासी संजय धृतलहरे (40) का शव मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतक बाइक में सवार था। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पीएम के लिए भेजा। पुलिस ने अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत होने की आशंका जताई है।

## 3 करोड़ की लागत से सुनसुनिया में बनेगा कस्तूरबा आवासीय विद्यालय

# विधायक द्वारिकाधीश के प्रयासों को फिर मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुनसुनिया में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण शीघ्र शुरु होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन से इसके लिए तीन करोड़ रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्माण प्रारंभ करने कार्यादेश भी जारी कर दिया है।

बता दें कि विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव की सतत पहल और प्रयासों के चलते यह सफलता मिली है। विधायक यादव द्वारा लगातार इसकी स्वीकृति के लिए किए जा रहे प्रयास के चलते शासन ने विद्यालय निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी।

गौरतलब है कि सुनसुनिया ग्राम बागबाहरा के समीप स्थित है और यहां पर एक आवासीय बालिका विद्यालय की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा इस विषय को कई बार विभिन्न मंचों पर उठाया गया था। अब जब शासन ने तीन करोड़ की लागत से विद्यालय निर्माण की मंजूरी दे दी है, तो क्षेत्र में हर्ष का वातावरण देखा जा रहा है।

नागरिकों ने विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से अब क्षेत्र की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। आवासीय विद्यालय की सुविधा मिलने से ग्रामीण अंचलों की बालिकाओं को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। यह विद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक मजबूत आधारशिला साबित होगा, बल्कि बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक अहम कदम होगा।

शासन की इस स्वीकृति से क्षेत्र के शैक्षणिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। इस प्रकार सुनसुनिया में बनने वाला कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय आने वाले समय में पूरे अंचल के लिए एक प्रेरणा स्थल बनकर उभरेगा।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
डायलिसीस
◆ सीआरएफ एवं एआरएफ के मरीजों की अत्याधुनिक फ्रेसिनियस की डायलिसीस मशीन द्वारा
◆ हिमोडायलिसीस
◆ पेरीटोनियल डायलिसीस
◆ सीएपीडी
◆ बच्चों की किडनी की बामारियों का ईलाज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

**खबर संक्षेप**

## उपाध्याय ने खड़गे और राहुल से की मुलाकात



रायपुर। असम प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रभारी महामंत्री केसी वेणुगोपाल, असम प्रदेश के प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह से मुलाकात की। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष गौरव गोगोई सहित असम प्रदेश के स्पेशल ऑब्जर्वर विकास उपाध्याय मौजूद रहे। श्री उपाध्याय ने बताया कि इस बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष गौरव गोगई एवं कार्यकारी अध्यक्ष जाकिर हुसैन सिकदार, रोसलीना तिर्के एवं प्रदीप सरकार के साथ असम प्रदेश के स्पेशल ऑब्जर्वर विकास उपाध्याय सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुरंदर ने किया 75 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



रायपुर। देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम रायपुर के जोन-2 अंतर्गत वार्ड 35 हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक पुरंदर मिश्रा ने 75 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित नाली निर्माण योजना का भूमिपूजन किया। इसकी अनुशंसा स्थानीय वार्ड पार्षद शेख मुशिद ने की थी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम अधिकारी आरके डोंगरे समेत पार्षद एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पालतू पशु विक्रय की कई दुकानों में नहीं किया जा रहा पेट शॉप नियम का पालन



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड की टीम ने शुक्रवार को शहर में संचालित कई पालतू पशु विक्रय दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ज्यादातर दुकानों में पेट शॉप नियम 2018 के अनुरूप आवश्यक सुविधाओं का पालन नहीं करना पाया गया। इस पर टीम ने दुकानदारों को नियम का पालन करने की समझाइश दी, साथ ही चेतावनी भी दी कि दोबारा जांच में अगर कमियां मिलीं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य जीव जंतु बोर्ड के संयुक्त संचालक डॉ. आरके सोनवाने, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. इला धुरंधर सहित बोर्ड के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने जिले में संचालित पालतू पशु दुकानों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने निरीक्षण के दौरान फाफाडीह चौक, डागा पेट्रोल पंप के सामने मेहंदी बर्ड्स हाउस, अली बर्ड्स सेंटर, गरीब नवाज बर्ड एवं फिश शॉप तथा केजीएन डॉग एवं बर्ड सेंटर का जायजा लिया। इन दुकानों में पेट शॉप नियम 2018 के तहत कई कमियां पाई गईं। दुकानों में पशुओं के रखरखाव के लिए न्यूनतम स्थान सहित अन्य कई अनिवार्य व्यवस्थाएं नहीं मिलीं। टीम ने सभी दुकानों को सात दिवस के भीतर नियमों का पूर्ण पालन करते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# मूसलाधार बारिश के साथ मानसून पहुंचने की आहट, जेठ माह में आषाढ़-सावन जैसा नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

इस बार सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए मई माह में ही मानसून का आगमन छत्तीसगढ़ में हो चुका है। मानसून पहुंचने पूर्व सरायपाली अंचल में प्री मानसून की बारिश हो चुकी है। 30 मई को हुई मूसलाधार बारिश से खेत खार लबालब भर गये। इस बारिश से नौतपा की तपीश पूरी तरह से गायब हो चुकी है एवं जेठ का महीना आषाढ़-सावन जैसा लग रहा है।

समय पूर्व मानसून पहुंचने से हर कोई हतप्रभ है एवं किसान अब तक न तो खाद बीज की व्यवस्था कर पाए हैं और न ही खेती की तैयारी कर पाए हैं, चिंता का विषय तो यह है कि कई किसान रबी धान की कटाई भी नहीं कर पाए हैं और न ही कई किसान खेतों की अकरस जुताई कर पाए हैं। बरसात पूर्व घरों की मरम्मत भी नहीं कर पाने से लोगों की परेशानी बढ़ जाएगी। सामान्य तौर पर 15 जून के आसपास छत्तीसगढ़ में मानसून का आगमन होता है। मगर इस बार 8-10 दिन पूर्व ही मानसून छत्तीसगढ़ पहुंचने की खबर है। सरायपाली क्षेत्र में भी 30 तारीख की रात को जोरदार बारिश हुई है। किसान इसे भी मानसून पहुंचने की आहट मान रहे हैं और क्षेत्र में प्री मानसून बारिश लगातार होने से ट्रैक्टर से खेतों की अपने खेतों की अकरस जुताई नहीं कर पाए हैं और कल की बारिश से कई खेतों में पानी भर गया है।

ट्रैक्टर से जुताई के लिए हफ्ते भर का समय लगेगा। अगर एक-दो दिन बाद फिर से बारिश हुई तो किसान मुश्किल में फंस जाएंगे



और मानसून की आहट को देखते हुए कि किसान पशोपेश में पड़ गए हैं। अभी तक कई सहकारी समितियों में खाद्य बीज की वितरण भी शुरू नहीं हुआ है। किसानों ने बताया कि इस बार समितियों में डीएपी खाद नहीं आने से किसानों को डीएपी नहीं मिल पाएगा, उन्हें खुले बाजार में ऊंची कीमत चुकाकर खाद खरीदने की मजबूरी होगी और किसान धान बीज की किल्लत से भी इस बार किस जूझ रहे हैं। कांशीपाली के गौतम सिदार ने बताया कि उसे अभी तक कोई भी खाद समिति से नहीं मिला है, समिति में सिर्फ सरना धान का ही भंडारण हुआ है। बाकी धान बीज की व्यवस्था किसानों को कृषि सेवा केंदों के भरोसे रहना होगा। अचानक बारिश शुरू होने से धान विक्रेता पर्याप्त मात्रा में खाद बीज की व्यवस्था नहीं कर पाए हैं,जिससे किसानों को मांगने पर भी बीज नहीं पा रहे है।

### धान कटाई प्रभावित

पिछले कई दिनों से मौसम का मिजाज बदलने से रबी फसल की कटाई प्रवाहित हो रही है और पिछले दिनों हुई बारिश के चलते खेत गीला हो जाने से हार्वेस्टर से धान की कटाई नहीं हो पा रही है। अब चैन वाला हार्वेस्टर नहीं मिलने से कई किसान धान की कटाई नहीं कर पा रहे हैं। 30 मई को हुई बारिश से खेतों में पानी भर जाने से धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। ग्राम कांशीपाली के किसान घसिया सिदार खेत में पानी भर जाने के कारण धान फसल की कटाई नहीं कर पाया है। किसानों ने शासन-प्रशासन से धान फसल को हुई नुकसान की मुआवजा राशि दिए जाने की मांग की है। जिन किसानों ने कटाई कर घर में सूखने के लिए रखा है, नमी की वजह से धान खराब हो रहा है।

### ईंट नहीं बना पा रहे

इस बार एकाएक मौसम बिगड़ने से ईंट निर्माण में लगे व्यवसायी एवं किसानों दिक्कत बढ़ गई है। कई किसान अपने लिए ईंट बना कर जलाने की तैयारी में थे कि बारिश शुरू हो गई एवं हर शाम को गरज चमक के साथ बारिश होने से ईंट भट्ठा नहीं लगा पा रहे हैं और बनाया हुआ ईंट धराशाही होकर मिट्टी में मिल चुका है। ईंट से घर बनाने का सपना देखने वाले किसानों की उम्मीद पर पानी फिर गया है।

## वनांचल ग्राम गेर्रा में लगा सुशासन तिहार का अंतिम समाधान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सुशासन तिहार के अंतिम चरण में विकासखंड के दूरस्थ वनांचल ग्राम गेर्रा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 1836 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 1833 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

इस मौके पर सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें और शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी देते रहें श्रमिकों को श्रम कार्ड वितरित किए गए। उमस भरी गर्मी में अधिकारी और जनप्रतिनिधि लोगों की समस्यायों के निराकरण की मंशा से शिविर में उपस्थित रहें इस समाधान शिविर में विकासखंड के विभिन्न ग्राम अंतरझोला, बलौदा, बनोभांठा, बेलमुंडी, छिबर्रा, डूमरपाली, गेर्रा, खोखेपुर, कोढ़द्वारी, कुसमीसरार, टेमरी के ग्रामीण अपने समास्याओं के समाधान के लिए पहुंचे थे, जिनमें लगभग सभी समस्याओं को अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने गंभीरतापूर्वक सुना और निराकरण करने का प्रयास किया। सुशासन तिहार के अंतिम चरण में ग्राम गेर्रा में समाधान शिविर का समापन हुआ। विकासखंड में कोई भी ऐसा गांव नहीं बचा, जो सुशासन तिहार से अछूता रहा हो। सुशासन तिहार को समाधान शिविर के माध्यम सफल बनाने में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कड़ी मेहनत की। जिसके फलस्वरूप बहुत से लोगों की समस्याओं का निराकरण हुआ और जनता का भरोसा इतनी भीषण गर्मी में भी लोगों के समाधान के लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण डटे रहे, जिसके लिए आमजनों द्वारा उनकी सराहना भी की जा रही है। गौरतलब है कि समाधान शिविरों के माध्यम से न सिर्फ त्वरित दस्तावेजी सेवाएं दी जा रही हैं, बल्कि ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ भी एक ही स्थान पर मिल रहा है। शिविरों से गांवों में शासन के प्रति विश्वास लगातार बढ़ा है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में स्वच्छता दीदियों की हुई सेहत जांच

### नपाध्यक्ष ने स्वच्छता दीदियों को महारानी होलकर की जीवनी से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में 31मई को रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वी जंयती पर नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू की उपस्थिति में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पालिका के सभी स्वच्छता दीदीयों ने भाग लिया। स्वास्थ्य शिविर में आधुनिक मशीन से बीपी, शुगर और वजन की जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सक ने सभी सफाई दीदीयों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। उन्हें जरुरी सलाह भी दी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढाना था। साथ ही रानी अहिल्या बाई होलकर के सेवा और समाज कल्याण के आदर्शो को याद करना था। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष



निखिलकांत साहू ने सभी स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से टाऊन हाल करवाया। जिसमें उनका बीपी, शुगर, अस्थमा, खून जांच, सर्दी, खांसी, घुटना दर्द आदि का ईलाज करवाया गया। साथ में सभी स्वच्छता दीदीयों के जांच के बाद दवा वितरित की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्वच्छता दीदीयों को रानी अहिल्या बाई होलकर की जीवनी के बारे में बताया कि कैसे देवी अहिल्या बाई होलकर सामान्य परिवार में जन्म लेकर होलकर साम्राज्य की महारानी बनी। कैसे उन्होंने अपने शासनकाल में राष्ट्हित एवं धर्म संबंधित जन जागरुकता विकसित किया। विषम परिस्थितियों में कैसे अपने राज्य को संभाला जाता है, यह महारानी अहिल्या बाई होलकर से सीखा जा सकता है। शिविर में उपस्थित डाक्टर गंगेश्वर दीवान ने स्वच्छता दीदीयों को समझाया कि 41 प्रकार के खून जांच होता है। इसी जांच को बाहर क्लीनिक में कराने पर 3 से 4 हजार रुपए खर्चा आ जाता है।

जबकि, यहां पर शासन द्वारा यह सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाती है। सुबह जांच के बाद दोपहर 2 बजे तक रिपोर्ट मोबाईल में आ जाता है। उसके साथ ही आवश्यक रूप से सभी प्रकार की दवाइयां भी निःशुल्क दी जाती है। इस अवसर पर पार्षद धनेन्द्र चन्द्राकर, जितेन्द्र देवनारायण ध्रुव, रिंकू चंद्राकर, राहुल आवडे, नीरज चंद्राकर, माधुरी धनीराम यदु, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, राखि ठाकुर, प्रेमशीला बघेल, रमा महानंद, टिकेश्वरी साहू, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर के स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढ़ने वाले छात्र लिलेश प्रधान एवं अभिषेक देवांगन ने बंगलौर में आयोजित राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता 2025 में गोल्ड मेडल जीतकर बागबाहरा नगर सहित महासमुंद जिले को भी गौरवान्वित किया है। बता दें कि लिलेश प्रधान 70 किलोग्राम वजन के साथ सीनियर एवं जूनियर दोनों वर्ग में आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता राइट हैंड एवं लेफ्ट हैंड दोनों में मैच खेल कर 4 गोल्ड मेडल जीता है। वहीं नगर के भाजपा नेता भोजनाथ देवांगन के सुपुत्र अभिषेक देवांगन ने 63 किलो वजन के साथ जूनियर वर्ग में राइट हैंड आर्म रेसलिंग में गोल्ड मेडल जीतकर गौरवान्वित किया है। गोल्ड मेडल विजेता दोनों खिलाड़ियों ने बताया कि आज कल युवा वर्ग के अधिकतर बच्चे मोबाइल और सोशल मीडिया में ही अपनी ज्यादा समय व्यतीत करते है। जबकि, बच्चों एवं युवाओं को समय के साथ



खेल मैदान या जिम जाकर अपने अंदर छिपे प्रतिभा को निखारने का अवसर जरूर ढूंढना चाहिए। वहीं दोनों बच्चों ने आज विश्व तंबाखू निषेध दिवस के मौके पर बच्चों एवं युवाओं के लिए संदेश दिया है कि तंबाखू, नशा सामग्री से दूर रहकर निरोग बने और खेल-कूद, व्यायाम, योगा जैसे क्रियाओं को अपने जीवन में शामिल करे।

दोनों बच्चों के गोल्ड मेडल जीतने पर उनके माता पिता परिजनों सहित पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, कृष्णानंद दुबे, अलका चंद्राकर, मदन देवांगन, भीखम ठाकुर, डिंपल ध्रुव, आलोक द्विवेदी, उपेंद्र साहू, हेमंत तिवारी, भेखलाल साहू, लोकेश्वर चंद्राकर, योगेश चिंदा, दानवीर शर्मा, लालचंद जैन, कमलेश चिंदा, देवेश साहू, उदय चंदेल, प्रेम साहू, आशीष गणहत्र, शैलेंद्र सिंह, कमल अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, सुनील श्रीवास्तव, जागेश्वर साहू, लखविंदर छाबड़ा, महादेव देवांगन, चंदू चंद्राकर, नीरज सोनी, अख्तर कुरैशी, नीरज मानिकपुरी सहित पत्रकार संघ अध्यक्ष रवि सेन ने हर्ष जताया है।

# भिलाई में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर में एक दिवसीय जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें हुलसी चंद्राकर को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। जिसमें महासमुंद के महिला जनप्रतिनिधि, कुर्मी समाज के जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर को पदक गमछा एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल के द्वारा सम्मानित किया गया। हुलसी चंद्राकर का सम्मान समाज के प्रति अग्रसर, समाज उत्थान के लिए निरंतर सक्रियता, समाजिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, समाजिक स्तर से जोड़ना। आज के युवा पीढ़ी जो समाजिक गतिविधियों एवं सामाजिक जानकारियों से पिछड़ते देख उसे हमेशा सजग और जागरूक करने का निरंतर प्रयत्न चंद्राकर द्वारा किया जाता है। हुलसी चंद्राकर इन छह वर्षों में कुर्मी समाज का नाम गौरवान्वित किया है। पूर्व में उपसरपंच पद पर कार्यरत थी, जो कि बड़ी उपलब्धियां हासिल कर अभी महासमुंद जनपद की उपाध्यक्ष बन चुकी है। जिससे कुर्मी समाज गौरवान्वित हुआ है। इन्हीं उपलब्धियां एवं समाजिक सक्रियता के कारण सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, प्रदेश अध्यक्ष सुनील चंद्राकर, कुर्मी क्षत्रिय समाज महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष लता ऋषिकेश चंद्राकर, प्रदेश महिला अध्यक्ष तारा चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष सविता चंद्राकर व सामाजिक प्रमुखजन मंच में आसीन रहे। चंद्राकर ने बताया कि ऐसा ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनना और समाजिक क्षेत्र से सम्मानित होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

# ग्रामीण क्षेत्र में, हाट बाजार में महासमुंद पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने साइबर अपराध, यातायाता सुरक्षा, नशा मुक्ति सहित अन्य मुद्दों को लेकर ग्रामीण इलाकों, हाट बाजार में जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस ने ग्राम बुंदेली बाजार चौकी बुंदेली, ग्राम भोरिंग चौक थाना तुमगांव, ग्राम छुईपाली थाना सिंघोड़ा, ग्राम पिथौरा शासकीय चंद्रपाल कॉलेज, ग्राम सिरपुर थाना तुमगांव, ग्राम बलौदा चौकी बलौदा, ग्राम गढ़फुलझर थाना बसना, ग्राम पटेवा बाजार क्षेत्र थाना पटेवा, ग्राम कोमाखान साप्ताहिक बाजार थाना कोमाखान, ग्राम बानाईदादर थाना संकरा, ग्राम सरायपाली साप्ताहिक बाजार थाना सरायपाली, ग्राम बेलसोंडा थाना महासमुंद, ग्राम भंवरपुर साप्ताहिक बाजार चौकी भंवरपुर, ग्राम बीकेबाहरा थाना खल्लारी द्वारा




साइबर अपराध, यातायात सुरक्षा नशामुक्ति महिला संबंधी सुरक्षा एवं डायल 112 को लेकर जागरूक किया। महासमुंद जिले के समस्त ग्रामों व क्षेत्रो में साइबर जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस टीम के द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न जानकारी दी। पुलिस ने लोगों से कहा कि कोई भी अनजान व्यक्ति अगर फोन करके ओटीपी पूछता है तो ओटीपी ना बताएं, किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, किसी भी अनजान व्यक्ति फोन करके यह कहे कि आपके नाम से एफआईआर हो गया है, आपको जेल जाने से बचने के लिए आपको पैसा देना पड़ेगा, तो किसी भी प्रकार से कोई फोन पे, गूगल पे के माध्यम से पैसा ना भेजें, कोई पुलिस ऑफिसर, सीबीआई, या जज बनकर वीडियो कॉल करे तो डरें नहीं, अनजान नंबर से वीडियो कॉल अटैंड न करें, किसी को अपना मोबाइल न दें।वहीं साइबर फ्रॉड होने पर टोल फ्री नंबर 1930 एवं साइबर थाना में शिकायत करने कहा गया। इसके अलावा लोगों को नशे के दुष्परिणाम एवं उससे बचने के बारे में बताया गया। साथ ही डायल 112 के महत्व को भी साझा किया गया, इस अभियान के दौरान लगभग 2000 ग्रामवासी लाभान्वित हुए।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

क्रमांक /2393/तह. / वाचक/2025
बागबाहरा, दिनांक 26/5/2025
रा.मा.क्र. ब/121, वर्ष 2024-25

ग्राम सुनसुनिया प.ह.नं. 12 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम सुनसुनिया प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. तेंदूकोना तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक/ आवेदिका भाऊराम पिता छेलिया जाति बंजारा निवासी ग्राम सुनसुनिया तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्र ओंकार जाति बंजारा की जन्म दिनांक 01/01/1994 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होन के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 9/6/2025 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 26/5/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बागबाहरा (छ.ग.)

# फर्जी डीडी बनाकर पांच करोड़ की ठगी दो साल बाद दो जालसाजों की गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- फर्जी डीडी की जानकारी मिलने के बाद बैंक ने फ्रीज किए थे चार करोड़ 65 लाख

इंडसइंड बैंक में फर्जी डीडी के माध्यम से चार करोड़ 95 लाख की ठगी करने के दो साल पुराने मामले में मौदहापारा थाने की पुलिस ने दो जालसाजों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने श्री श्याम ट्रेडिंग की फर्म के नाम से फर्जी डीडी बनाकर ठगी की थी। जालसाजों के रायपुर आने की जानकारी मिलने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। ठगी के आरोप में पुलिस ने मूलतः




राजस्थान, चुरू निवासी आकाश नाई, फाफाडीह निवासी कमल किशोर केशरवानी को गिरफ्तार किया है। आकाश के खिलाफ एमजी रोड स्थित इंडसइंड बैंक के मुन्ना सिंह ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। मुन्ना ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 27 फरवरी 2023 को आकाश के बैंक आने के पूर्व दो व्यक्ति आए थे। आकाश के आने के बाद उन दोनों ने उसे डीडी दिया, जिसे भरकर आकाश ने बैंक में जमा किया। जांच करने पर उक्त डीडी बंजारा हिल्स हैदराबाद की शाखा से होना पाया गया। इसे आरआर एनर्जी के मालिक फनेन्द्र कुमार की ओर से एकांउटेंट केएनएस कुमार के 24 फरवरी 2023 को चेक के माध्यम से उक्त रकम का डिमांड ड्राफ्ट बनाया गया था।

### कॉल आने पर मिली ठगी की जानकारी

बंजारा हिल्स शाखा के बैंक प्रबंधन के पास 28 फरवरी को आरआर एनर्जी का अकाउंटेट पहुंचा और डीडी कैंसिल कराने की बात कहते हुए वापस बैंक में डीडी जमा किया। बंजारा हिल्स इंडसइंड शाखा ने रायपुर ब्रांच में डीडी कैंसिल करने कॉल किया, तब पता चला की उक्त डीडी की राशि श्री श्याम ट्रेडिंग के संचालक आकाश के अकाउंट में ट्रांसफर की जा चुकी है। जांच करने पर आकाश द्वारा जमा की गई डीडी फर्जी होना पाया गया। उक्त डीडी में से 29 लाख 55 हजार रुपए आकाश ने आहरण कर लिया था। इसके बाद शेष रकम को बैंक ने सीज कर लिया।

दूरबीन द्वारा जांच एवं ऑपरेशन | ऑडियोमेट्री एवं बेरा टेस्ट की सुविधा | किडनी डायलिसिस उपलब्ध | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन

उपलब्ध उपचार
- कान के संक्रमण, पर्दे मे छेद की समस्या
- कान की जन्मजात बीमारियों का इलाज
- मुँह व गले के कैंसर का निदान व इलाज़
- नाक की एलर्जी, श्वास मे समस्या
- चक्कर आना
- टॉन्सिल व एडेनॉइड का इलाज़
- खर्राटों का इलाज़
- नाक की हड्डी के टेढ़ेपन का इलाज़
- नाक से खून आना, नाक मे मस्से (polyp) का इलाज़
- आवाज, श्वासनली संबंधित बीमारियों का इलाज
- थाइरोइड की समस्या का इलाज़
- नाक, कान व गले के पुराने बिगड़े हुए ऑपरेशन का इलाज़
- सुनने की जांच व मशीन (Hearing-aid) की सुविधा



डॉ. महेंद्र धवने
MS (ENT)
नाक कान गला विशेषज्ञ



प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क इलाज उपलब्ध
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100

## खबर संक्षेप



### चंद्रिका की कहानी का प्रसारण 2 को

**सरायपाली।** आकाशवाणी रायपुर से डॉ. चंद्रिका चौधरी की कहानी अंतराल के बाद का प्रसारण 2 जून सोमवार को सुबह 8:30 बजे कथायन कार्यक्रम के अंतर्गत होगा। अंतराल के बाद स्त्री जीवन के बंधन और उन बंधनों की जकड़न से टूटती उसकी जिजीविषा की कहानी है। जीने का सहज बोध, थोपी गई दूसरों की इच्छाओं और अपेक्षाओं के सामने नतमस्तक होकर किस तरह मौन हो जाता है? स्त्री अस्मिता की तलाश की एक बेचैन कोशिश है यह कहानी। कथा नायिका मालती के माध्यम से स्त्री-जीवन को बाँधने वाले कई बंधनों में से एक बंधन की गांठ दिखाने की कोशिश करती कहानी अंतराल के बाद पाठकों से मौन वार्ता करती नज़र आती है। गौरतलब हो कि इसके पहले भी डॉ. चंद्रिका चौधरी की कहानी चूड़ीवाला पिता और क्षितिज तक जाती नज़रें का प्रसारण, प्रसार भारती आकाशवाणी रायपुर द्वारा हो चुका है। वे वर्तमान में स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में हिंदी विषय की सहायक प्राध्यापक हैं। उनकी कविताओं, लघुकथाओं और कहानियों का प्रकाशन निरंतर राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक पत्रिकाओं में होता रहता है।

## तेंदूपत्ता का झाल बारिश में भीगा...



**नर्रा।** वन मंडल कोमाखान के अंतर्गत ग्राम खट्टी में हरा सोना तेंदूपत्ता की तोड़ाई बीते सप्ताहभर से हो गई है। ज्ञात हो कि पत्ता सूखने के बाद झाल के बोरियों में भरकर रख दिए है। लेकिन, विभाग अभी तक समेट नही पाए हैं। जहां बोरी रखे है, वहां पर बारिश के पानी से खेत भर गया है। जहां तेंदूपत्ता डूबा हुआ है, इससे तेंदूपत्ता खराब होने की आशंका जताई है।

# प्री मानसून बना धान की फसल के लिए आफत

## खराब मौसम ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मानसून सक्रिय होने से पहले से हो रही बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है। क्षेत्र के किसान रबी धान फसल की कटाई मिंजाई नही कर पा रहे है। क्षेत्र में लगभग दो सप्ताहभर से हो रही बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है। इससे अब फसल काटने में भी परेशानी हो रही है। जो किसान फसल काट लिए है, गीले फसल को खलिहान व घर के सामने तिरपाल से ढांक कर रखना पड़ रहा है। गीले फसल को सूखाने के लिए धूप खिलने की दरकार है। बारिश व नमी के कारण धान अंकुरित हो रहे हैं। ज्येष्ठ माह के दूसरे पखवाड़े में नौतपा में लगातार बारिश हो रही है। इधर, बंगाल की खाड़ी में हलचल होने से क्षेत्र में फिर गरज चमक के साथ घंटेभर झमाझम बारिश से खेतों में पानी भर जाने से फसल को भी भारी नुकसान हो रहा है। इससे किसानों को दोहरी मार पड़ रही है।





## नपाध्यक्ष ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बेलसोंडा फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जल शुद्धिकरण प्रक्रिया, प्लांट की साफ सफाई की स्थिति देखी। उन्होंने प्लांट प्रभारी व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साहू ने संबंधित अधिकारियों को आगामी मानसून सीजन में पानी की गुणवत्ता तथा शुद्धता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बारिश में पानी को साफ रखने आवश्यक उपाय करने कह। उन्होंने कहा कि नगर वासियों को शुद्ध जल आपूर्ति हो यह पालिका की प्राथमिकता है।

## बिजली की आंख मिचौली से त्रस्त है नयापारावासी : मीना



**महासमुंद।** पिछले कई महीने से नयापारा क्षेत्र में लगातार बंद हो रही बिजली की समस्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए पूर्व वरिष्ठ पार्षद व भाजपा नेत्री मीना वर्मा ने बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों से आग्रह किया है कि बरसात पूर्व मैंटेनेंस के नाम पर बिजली बंद कर काम किए जाने के बावजूद महीनों से लगातार इस एरिया में दिन-रात बिजली बंद की समस्या से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के कर्मचारी क्या मैंटेनेंस करते रहे है, ये समझ से परे है। मीना ने कहा कि पिछले 2 महीनों से ऐसा कोई भी दिन नहीं रहा होगा, जिसमें दिन और रात में किसी भी समय 10 से लेकर 15 बार तक बिजली बंद नहीं हुई हो। रोज रोज की बिजली बंद की समस्या से यहां के नागरिकों में भारी रोष का वातावरण निर्मित हो रहा है। आंधी तूफान बारिश को छोड़ कर सामान्य दिनों में भी कईयो बार बिजली बंद होना आम बात हो गयी है। बिजली बंद के संकट से आक्रोशित नागरिकों की अधिकारी-कर्मचारियों से बहस की स्थिति बनती लगातार हो रही है। नयापारा क्षेत्र में महीनों से लगातार दिन-रात, वक्त बेवक्त बंद हो रही बिजली की समस्या का निदान क्या होगा ये कोई भी अधिकारी-कर्मचारी नही बताते। मीना ने विभागीय अधिकारियों से बिजली की समस्या का स्थायी हल निकालने का निवेदन करते हुए कहा है कि अगर समय रहते बिजली सप्लाई की व्यवस्था में सुधार नहीं गया तो इस क्षेत्र के नागरिकों का गुस्सा कभी भी बिजली विभाग के खिलाफ उग्र रूप ले सकता है। नागरिकों की दैनिक दिनचर्या के लिए बिजली का हर रोज, दिनरात कई बार बंद होना नयापारावासियों के लिए परेशानियों का सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है।

# गर्भवती महिलाओं की सेहत जांच के लिए मनाया गया सुरक्षित मातृत्व अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्व. मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत विकासखंड के स्वास्थ्य केंद्र सिंघोड़ा व बलौदा में विगत दिवस प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस एक साथ हुआ। जिसमें सीएचसी में 68, पीएचसी बलौदा में 26, पीएचसी सिंघोड़ा 30 गर्भवती महिलाएं उपस्थित हुई। इस तरह से कुल 124 गर्भवती महिलाओं को इस अभियान में स्वास्थ्य जांच, उपचार और परामर्श दिया गया।

इस अभियान की खास बात यह रहा कि इस बार उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की लाइन लिस्टिंग कर प्रत्याशित प्रसव तिथि (ईडीडी) चिन्हांकित की गई और उन्हें विशेष रूप से उन्नत जांच और इलाज की सुविधा दी गई व जिला स्तरीय टीम द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया एवं निर्देशित किया गया कि विकासखंड में कोई भी जोखिम वाले गर्भवती महिलाएं सेवाओं से वंचित न रहे और सभी स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जाए। इसी कड़ी में बीएमओ डॉक्टर एचएल जांगड़े ने इस अभियान के बारे में बताया कि स्वास्थ्य विभाग का कार्य एक टीम वर्क का कार्य है। इस शिविर के पूर्व हमारे द्वारा पीएमएसएमए दिवस के लिए विस्तृत योजना तैयार की गई थी। जिसमें मितानिन की मदद से संभावित उच्च जोखिम केस की पहचान की गई और उन्हें केंद्र तक लाया गया। हमारे सीएचसी में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी सेवा उपलब्ध है। शिविर में आए सभी गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर वजन इत्यादि की जांच तथा टीकाकरण का कार्य किया गया। साथ ही उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण कार्ड में रेट स्टीकर भी लगाया गया। हमारा विकासखंड सभी गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराने, मातृ मृत्यु दर में कमी लाने हेतु दृढ़ संकल्पित है। आगे खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे ने जानकारी दी कि यह अभियान प्रति माह सतत रूप से 9 व 24 तारीख को आयोजित किया जाता है। इस अभियान के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीक के स्वास्थ्य कर्मचारी, मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क किया जा सकता है।



## मृतक परिवारों को मिली आर्थिक सहायता



**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत राटापाली के दुधमती यादव और आश्रित ग्राम झलमला के सुखियाबाई निषाद का निधन हो गया है। मृतक के परिवारों को श्रद्धांजलि योजना के तहत नगद राशि दो-दो हजार रुपए प्रदाय किया गया। इस दौरान सरपंच पूर्णिमा सोनवानी, उपसरपंच एकता पटेल, पंचगण दीपिका पटेल, केवरा पटेल, रेशम साहू, नर्मदा दीवान, पवन निषाद, सहदेव ठाकुर, नोखलाल पटेल, गोपी पटेल आदि मौजूद रहे।

## लाखों के आईफोन चोरी का आरोपी निकला ट्रांसपोर्ट कारोबारी का बेटा

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के जीई रोड स्थित अनुपम गार्डन स्थित रिलायंस डिजिटल स्टोर में 17 आईफोन चोरी के आरोप में पुलिस ने ट्रांसपोर्ट कारोबारी के बेटा को गिरफ्तार किया है। चोरी करने युवक अपने ही पिता की एक्टिवा लेकर रिलायंस स्टोर में पहुंचा था। मंगलवार को घर के बाहर खड़ी एक्टिवा नहीं मिलने पर युवक के पिता ने थाने में दोपहिया चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। आईफोन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चौबे कालोनी निवासी संजय दीक्षित को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी के आईफोन गिरवी रखने के आरोप में कारोबारी अमित अग्रवाल, संजय के दोस्त निखिल गर्ग, ओला कैब ड्राइवर चंदन वर्मा तथा मोबाइल कारोबारी आशीष लखवानी को गिरफ्तार किया है।

# स्वच्छता दीदियों एवं मित्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देश पर पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती कार्यक्रम के तहत स्थानीय टाउन हाल में स्वास्थ्य एम्बुलेंस सेवा से नगर पालिका की स्वच्छता दीदियों एवं मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित था। जिसमें छग भाजपा के प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण चंद्रशेखर बेलदार, भाउराम साहू, माखन पटेल, पीयूष साहू, भाजपा नेतागण अजय चोपड़ा, हनीष बग्गा, लाल विजय सिंग, शरद मराठा, गौरव राठी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। स्वास्थ परीक्षण अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद ने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर को एक न्याय प्रिय कुशल प्रशासक और परोपकारी शासक के रूप में याद किया जाता है। उनकी न्याय प्रियता और लोगों के प्रति उनकी कल्याणकारी सोच उन्हें लोकमाता के रूप में स्थापित करती है, उनका शासन काल होल्कर राज्य के लिए एक स्वर्णिम युग था। वह अपने न्याय प्रशासन और परोपकार के लिए जानी जाती है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने अहिल्याबाई होल्कर को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सेवा एवं महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित था। उनके कई रचनात्मक, सामाजिक योगदान रहा, जिसके लिए उन्हें याद किया जाता है। प्रदेश की विष्णुदेव सरकार उनकी 300वीं जयंती मनाकर प्रदेशवासियों को उनके जीवन से आदर्श सिखने की प्रेरणा दे रही है। प्रदेश कि सरकार को साधुवाद है।



# वृद्धजन सेवा सदन ने तिरंगा प्रदान कर भारतीय सेना का बढ़ाया मान



**महासमुंद।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न एवं भारतीय सेना का आभार व सम्मान करने माता कौशल्या वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वृद्धजन सेवा सदन की संचालिका उषा साहू व आश्रम के वरिष्ठ सदस्य शहीद स्मारक पहुंचे। वृद्धजन सेवा सदन के सदस्यों द्वारा शहीद स्मारक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों को देश की आन, बान और शान तिरंगा झंडा भेंट कर भारतीय सेना के प्रति अपना आभार प्रकट किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय सरकार की कुशल रणनीति एवं हमारी सेना के शौर्य व पराक्रम से पाकिस्तान एवं पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया था। उषा साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारे सैनिकों ने शौर्य त्याग और अटूट समर्पण की जो अद्वितीय मिसाल पेश की वह आने वाली पीढियां को प्रेरणा देती रहेगी। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने कहा कि सेना का प्राथमिक कर्तव्य देश और उसके नागरिकों की रक्षा करना है। वृद्धजन सेवा सदन से आए संचालक और वृध्दजनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भारतीय सेना के निःस्वार्थ सेवा और बलिदान पर हमेशा गर्व बनाए रखने की बात कही। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक युवराज चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, सहदेव ध्रुव, अंजना चंद्राकर एवं वृद्धजन सेवा सदन के वृद्धजन उपस्थित रहे।

# एमएसपी में 917 जोड़कर 3400 रुपए में धान खरीदे सरकार: विनोद

## धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 3 प्रतिशत की वृद्धि करना किसानों के हक पर डाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने 2025-26 कृषि सीजन के लिए केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा को किसानों के हक में डकैती बताया है। उन्होंने धान के एमएसपी में प्रति क्विंटल 69 रुपए की मामूली वृद्धि जो कि प्रति किलोग्राम सिर्फ 69 पैसे है, को बेहद निराशाजनक और राज्यभर के किसानों के साथ घोर अन्याय बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धान सबसे अधिक उगाई जाने वाली फसल है। साल-दर-साल खेती की लागत में काफी वृद्धि हुई है। धान के लिए एमएसपी में केवल 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो केंद्र सरकार द्वारा की गई एक सांकेतिक वृद्धि है। अन्य फसलों के लिए एमएसपी में 5 से 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। आए दिन खाद-बीज, कटाई, मिंजाई लागत दर में वृद्धि हो रही है। केंद्र इस बात से पूरी तरह वाकिफ है। फिर भी, मौजूदा एमएसपी बढ़ोतरी जमीनी हकीकत को नजर अंदाज कर बढ़ाई गई है।



पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि इस बार एमएसपी में 917 रुपए बोनस की राशि को जोड़कर 3400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से सरकार को धान खरीदी करनी चाहिए। पिछले साल धान के एमएसपी में 5.36 प्रतिशत वृद्धि हुई थी, 2183 से 117 रुपए बढ़ते हुए 2300 रुपए प्रति क्विंटल किया गया था, इस बार मात्र 3 प्रतिशत, जबकि महंगाई वृद्धि दर लगभग 8 प्रतिशत है। 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने और सी 2 फार्मूले से लगात पर 50 प्रतिशत लाभ देने का वादा कर सत्ता में आई मोदी सरकार ने एक बार फिर किसानों को धोखा दिया है। इस बार खरीफ़ सीजन 2025-26 के लिए मंजूर किए गए एमएसपी की घोषणा के अनुसार धान पर कुल वृद्धि 3 प्रतिशत मात्र है, 2300 से बढ़ाकर 2369 अर्थात 69 रुपए प्रति क्विंटल की है।

सी 2 फार्मूले के अनुसार कृषि लागत में नकदी खर्च, खाद, बीज, पानी, रसायन, मजदूरी के साथ ही गैर नकदी लागत के अलावा जमीन की लीज रेंट और उससे जुड़ी खर्च पर लगने वाले ब्याज को भी शामिल किया जाना चाहिए, साथ-साथ किसान परिवार के मेहनत के अनुमानित लागत को भी जोड़ा जाना चाहिए, लेकिन दुर्भावनापूर्वक लागत में इनमें से कई खर्चों को शामिल नहीं किया गया।

यूनतम मजदूरी में वृद्धि और बढ़ती महंगाई के चलते धान के खेती में कृषि लागत में एक साल के दौरान औषत वृद्धि 8 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन किसान विरोधी मोदी सरकार ने एमएसपी में मात्र 3 प्रतिशत की ही वृद्धि की है जो किसानों के साथ अन्याय है, अत्याचार है।

# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

School Innovation Council | FIT INDIA | MCB MY CLASSBOARD

## कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा 2025-26

## 1. SHAKUNTALA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, RAM NAGAR, BHILAI



## 2. SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, RISALI SECTOR, BHILAI




## 3. SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2

Affiliated to CGBSE, Ram Nagar, Bhilai

ENGLISH & HINDI MED. HR, SEC, SCHOOL ( IX TO XII )

## 4. SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CGBSE, Vaishali Nagar, Bhilai

ENGLISH MEDIUM SCHOOL ( KG-1 TO VIII )

## 5. Shakuntala Devi Sangeet Nritya Evam Kala Kendra

Affiliated to IKSVV, Khairagarh

★Singing ★Kathak
★Tabla ★Bharatanatyam
★Geetanjali ★Chitrakala

FROM CLASS 5 ONWARDS

TIMING 05:00 PM TO 07:00 PM



Office: Shakuntala Vidyalaya Parishar, Ram Nagar, Bhilai

## Congratulations

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

- ARPIT SAHU 96.6%
- SRIJAN DEWANGAN 95.2%
- ADITI MISHRA 94.4%
- ROSHAN CHOUDHARY 93.8%
- PAKHI MAHESHWARI 93.2%
- VIDYA SAO 91.4%
- MUSKAN SAO 90.8%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

- MAYANK KUMAR OJHA 97.6%
- SHWETA SINGH 95.4%
- SABIYA PARVEEN 95%
- AMRITA SAO 94%
- AACHAL KUMARI SAO 93.8%
- RAJVEER SAO 93.4%
- TEJESHWI PRASAD SINHA 92.8%
- ANURAG SAHU 92.6%
- SIDDHI BAGHEL 92.6%
- SHUBHAM KUMAR SAO 92.4%
- KAANCHAN MALA SANDEY 92.4%
- P POOJITA 92.2%
- ADARSH KUMAR SINGH 92%
- AYUSH NAGVANSHI 91.6%
- CHIEF HAVGE 90.8%
- PANKHURI SINGH 90.2%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

- YOGITA 97%
- RIYA KURREY 92.6%
- TAHZEEB RAZVIYA 90.6%
- AYESHA IQBAL ANSARI 90.2%
- PIYUSH VERMA 89.8%
- VIDHI VISHWAKARMA 89.6%
- RITESH DEWANGAN 89.4%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

- SHOURYA KUMAR SAHU 97.6%
- ANKIT DEWANGAN 97.2%
- SAZINA NAWAZ 96.8%
- ASHMIKI DWIVEDI 95%
- SAMRIDHI SHARMA 94.6%
- TEJAS SAHU 93.6%
- BHAVYA DEWANGAN 93%
- SHREYA MAHAPATRA 92.8%
- ANISH KUMAR DEWANGAN 92.8%
- SAMEER PATEL 92%
- SHIVANGI VISHWAKARMA 91.8%
- PRACHI JALKSHATRIYA 91.6%
- DIVYANSH SINGH 91%
- DRISHTI DEWANGAN 90.6%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2 CLASS 12TH TOPPERS

- NIDHI PATEL 92%
- GARGI CHANDRAKAR 91.6%
- NAMRATA PATEL 91.4%
- JAYA SINHA 89.6%
- KAMALDAS MANIKPURI 89.4%
- SANIYA SAO 89.2%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO.2 CLASS 10TH TOPPERS

- YOGENDRA KUMAR JANGHEL 95%
- HARSHITA BHASKAR 92.8%
- TANISHA NAG 92.3%
- MAHI BANJARA 91.8%
- PRIYA PAL 91.3%
- THANSING VERMA 90.6%

## SCHOOL FACILITIES


1. Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
2. Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
3. Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
4. Seperate Hostel facilities for boys and girls
5. Science, Commerce, Humanities (Arts) streams available
6. Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
7. State of the art AV room & Music room
8. 24x7 Power Supply Via Genset
9. Air Conditioned auditorium

Deepak Advertisers

## 6. SHAKUNTALA GURUKUL (Hostel)

Home away from Home... घर से दूर.. एक घर ॥

Ram Nagar Bhilai



**Hostel Room**-Air condition for boys and girls seperate
**Mess**-Tea, Breakfast, Lunch, evening snacks, Dinner, Milk & egg
**Coaching**-School Coaching (Free of Cost) Distance Coaching (payable) with Transportation facility
**Library**-Evening Time
**Entertainment**-Movies-Auditorium (Hall) Air conditioned
**Outing**- Twice in a month, Canteen (Tuck Shop)
**Birthday Celebration**-Separate Facility for Boys and Girls
**Geyser facility** (in winter season)
**24X7 Electricity available through generator**
**Laundry facility available, Medical facility available**

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
|---|---|---|---|---|---|
| 0788 4033217 | 0788 2265810 | 0788-2295357 | 0788-4033623 | 8770401823 | 8839982041 |